भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं हिंदी के प्रचार - प्रसार व प्रगति के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक 11 मार्च, 2022 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हिंदी कार्यशाला में कुल 20 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हिंदी कार्यशाला में भारतीय खान ब्यूरो कार्यालय के डॉ. वाय. जी. काले, खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी ने 'हिन्दी के प्रगामी उपयोग में गोवा कार्यालय के अनुभव' तथा श्री डी. के. स्वामी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी 'सेवापंजी में विभिन्न स्थितियों का इंदराज' विषय पर अपने व्याख्यान दिये।

अपने व्याख्यान में डॉ. वाय. जी. काले, खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी ने कार्यशाला के आयोजन के उद्धेश्य एवं महत्ता बताते हुए अपने कार्यकाल के दौरान गोवा क्षेत्रीय कार्यालय में किए गए हिन्दी के उल्लेखनीय कार्यों से उपस्थितो को अवगत कराया साथ ही राजभाषा के नियमो, अधिनियमों एवं अनुच्छेदों की विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ. मृदुला सिन्हा की 'हिन्दी भारत माता की बिंदी' कविता भी सुनायी।

श्री डी. के. स्वामी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने अपने व्याख्यान में सेवापंजी की महत्ता एवं सरकारी कार्मिकों हेतु इसकी उपयोगिता बतायी साथ ही सेवापंजी में की जाने वाली विभिन्न प्रकार की प्रविष्टियों तथा इसमें रखे जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में विस्तार से बताया।

कार्यशाला के पश्चात प्रतिभागियों से कार्यशाला के विषय में उनकी प्रतिक्रियाएं भी प्राप्त की गई। सभी प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। इस प्रकार हिंदी कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

अंत में श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने सभी उपस्थितों का धन्यवाद दिया।

भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर
हिंदी कार्यशाला
OPPO A9

OPPO A9

OPPO A9


OPPO A9

OPPO A9

OPPO A9